Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 25-12-2021 अंक 95

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मिट्टी का दीवार गिरने से दो मजदूर घायल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही में काम करने के दौरान मिट्टी का दिवार गिरने से दो मजदूर घायल हो गए।। घायलों में दिलीप प्रजा. पति एवं बद्री साव शामिल है। दोनो को बरही अनुमंडलीय अस्पाल में भर्ती कराया गया। जहां दोनो का प्राथमिक उपचार किया गया।

### गिरफ्तारी के लिए एसपी दरबार पहुंचा चेतलाल प्रसाद

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**

बरकठ्ठा-प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया निवासी चेतलाल प्रसाद ने एसपी को आवेदन देकर उनके दुकान में हुई उनके परिवार के साथ मारपीट एवं लूटपाट मामले में बरकठ्ठा थाना कांड संख्या 250/21 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है.




# बरही में हुआ सचिदानंद केशरी का आगमन, नगर केशरवानी वैश्य सभा ने किया जोरदार स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**



सचिदानन्द केशरी का स्वागत करते केशरी समाज के लोग

सिलीगुड़ी में होने वाले अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के महधिवेशन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उम्मीदवार सह रास्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिदानंद केशरी का आगमन हुआ। जिनका नगर केशरवानी वैश्य सभा ने जोरदार स्वागत किया। उनके साथ महासभा के आजीवन सदस्यता प्रमुख गजेंद्र केशरी, तथा झारखंड प्रदेश केशरवानी वैश्य महासभा के मंत्री सुरेंद्र केशरी का आगमन हुआ। पटना रोड में स्थित केशरवानी आश्रम में नगर केशरवानी वैश्य सभा बरही के अध्यक्ष बलराम केशरी के अध्यक्षता में हो रहे बैठक में सभी ने भाग लिया। नगर सभा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर एवह माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में अतिथियों ने सचिदानंद केशरी के सामाजिक परिचय देते हुए उनके पक्ष में मत मांगा। सचिदानंद केशरी ने भी बरही के सभी महासभा के आजीवन सदस्य बने वोटर से सिलीगुड़ी जाकर अपने पक्ष में वोट देने का आग्रह किया। बरही के सभी वोटरों ने भी वोट देने का आश्वासन दिया। अंत मे झारखंड प्रदेश केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभा का समापन किया। मौके अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केशरी, नगर केसरवानी वेश्या सभा बरही के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू, संस्थापक सचिव रत्नेश्वर केशरी, अध्यक्ष बलराम केशरी, महामंत्री महेंद्र केशरी, प्रशासनिक सहयोगी पदा. धिकारी राजेश केशरी, नगर केसरवानी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, नगर केसरवानी वैश्य महिला सभा के अध्यक्षा जयंती देवी, उपाध्यक्ष संजू देवी, हज़ारीबाग़ रोड महिला अध्यक्ष मंजू देवी, बजरंग नगर पंचायत महिला अध्यक्षा अनिता देवी एवं कोषाध्यक्ष अनिता देवी मौजूद थे।

# सद्भावना विकास मंच का वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम कल

**अपेम लाइव : बरही**



राज सिंह चौहान

बरही अनुमंडल में प्रशासनिक पुलिस मित्र के नाम से प्रसिद्ध सद्भावना विकास मंच का वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन कल किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि सद्भावना विकास मंच पूरे बरही अनुमंडल में आपसी भाईचारगी, सद्भाव को बनाए रखने में हर संभव प्रयास कर रही है। कोरोनकल में सद्भावना विकास मंच ने मरीजो की सेवा में लगी रही। सभी समुदाय में सद्भाव बनाए रखने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इसी निमित 26 दिसम्बर को वीर कुंवर सिंह पथ में अनुमंडल स्तरीय वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ साथ सद्भावना विकास मंच से जुड़े लोग शामिल रहेंगे।

# पिकनिक स्पॉट पर पैनी नजर रखने की अपील करता हूं : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**



संजय यादव

आगामी नव वर्ष की छुट्टियों में पिक. निक का मजा लेने के लिए लोग पिकनिक स्पाट तिलैया डैम, चोचरो पार्क, जवाहर घाटी एवम् लोटवा डैम जैसे नजदीकी पर्यटक स्थल पर मौज-मस्ती के पर्यटक का आना जाना जोरों पर है । ऐसे में लोग मौज मस्ती के अलावा पानी के खत. रनाक स्थानों पर जाना, यही नहीं शराब पीना और नशे के हालत में आपा खोना । ऐसे में प्रशासन एवम् अभिभावकों को पैनी नजर रखने की गुजारिश करता हूं ताकि कुछ मनचले से लोगों की क्षति होती है। पुलिस का उद्देश्य लोगों की मौज-मस्ती रो. कना नहीं बल्कि संभावित घटना-दुर्घटना को रोकना होना चाहिए ।

# जन कल्याण समिति सम्मान समारोह आयोजित कर किया 110 बुजुर्गों को सम्मानित

## जनकल्याण समिति की कार्यप्रणाली प्रशंसनीय एवं सराहनीय : एसडीपीओ



सम्मान समारोह मे शामिल अतिथि व बुजुर्ग

**अपेम लाइव : बरही**



बुजुर्गों को शॉल देकर सम्मानित करते एसडिपिओ नाजिर अख्तर

जन कल्याण समिति करियातपुर की ओर से शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन एवं तुलसी दिवस के उपलक्ष्य में बुजुर्गो के सम्मान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अथिति बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव, बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, डोमन पांडेय, मोती लाल चौधरी, देवधारी प्रजापत्ति एवं तोखन प्रजा. पत्ति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संचालन संतोष प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में करियातपुर पंचायत एवं आस पास के गांव बरसोत, कोरियाडीह एवं दुलमहा के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे जन कल्याण समिति के सदस्यों को भी प्रसंशा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अथितियों ने जन कल्याण समिति की कार्यप्रणाली की प्रसंशा एवं सराहना की गई। मौके पर कुछ आथितियों को शॉल ओढ़ाकर भी सम्मा. नित किया गया। मौके पर मुरली केशरी, राजकुमार रविदास, सुमन देवी, अर्जुन साव, संतोष केशरी, मनोज कुमार, सागर चन्द्रवंशी एवं जन कल्याण समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एम्बिशन अकादमी में क्रिसमस डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, मो कयूम हुए शामिल

**अपेम लाइवः बरही**

मलकोको पंचायत में संचालित एम्बिशन अकादमी में क्रिसमस डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह में अकादमी द्वारा विज्ञान कला एवं कला संस्कृति का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग शष्टम और सप्तम के छात्राओं द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग, लंदन ब्रीज, इण्डियन पोस्ट अ०फिस, इण्डिया गेट, होली ह०स्पिटल एवं सेव एनवायरनमेंट का विज्ञान कला का प्रदर्षित किया गया। वर्ग सप्तम द्वारा चाइल्ड फण्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को माध्यम से गरीब व अनाथ बच्चों को भविष्य में शिक्षा में आने समस्याओं का समाधान किया जायेगा। वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्त्य, संगीत, हास्य नाट्य का भी मनमोहक कला दिखाया गया। क्रिसमस गैदरिंग में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रतिनिधि अब्दुल क़य्यूम के द्वारा बच्चों के विज्ञान कला को खूब सराहा। उन्होंने कला का अवलोकन करते हुए बच्चों को प्रेरणा दियें की इस तरह का प्रतिभा आने वाले भविष्य में काफी अच्छा बेहतर साबित होगा। उन्होंने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए पूरे देश भर में सभी लोगों को आपस में भाईचारगी रूप में रहने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के संस्थापक अज़हरुद्दीन ने सभी बच्चों को इसी तरह से मेहनत व लगन से हरेक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ समाज में एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा दिये। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे विद्यार्थियों में काफी प्रतिभा छिपी हुई है बस उन्हें मौका देने की आवश्यकता है। उन्होंने ने यह भी बताया कि हमारे गाँव मलकोको के सेकड़ों छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष बोर्ड परीक्षा में हमेशा अच्छे अंक हाशिल कर पूरे समाज का नाम रौशन करते हैं। कई छात्र आज के आधुनिक प्रतिस्पर्धा में भी अपनी मेहनत से पूरे पंचायत का नाम रौशन कर रहे हैं।कार्यक्रम में बेहतर करने वाले अंजली पासवान, साहिल अंसारी, पम्मी पासवान, आबिद अंसारी, शबाना आरज़ू, तबस्सुम गजाला, शब्बा प्रवीण, निजाम उद्दीन, नूरजहाँ, शहनाज प्रवीण, सानिया प्रवीण, सितारा प्रवीण, तनुजा, प्रवीण, सुम्बुल ताहिरा, रुकसार प्रवीण, सानिया प्रवीण, साहिल अंसारी, आसमा खातून, इब्रान अंसारी, माहेजहाँ, जन्नती प्रवीण, सगुप्त प्रवीण, वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाम अज़हर, वकालत की तैयारी कर रही निकी प्रवीण, सलामत अंसारी, अभिभावक और अकादमी के विद्यार्थी उप. स्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया।



कार्यक्रम मे शामिल बच्चे, अतिथि व शिक्षक

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने किया सिमरिया विधायक किशुन दास का पुतला दहन, मनु स्मृति भी जलाई

**अपेम लाइवः बरही**

सिमरिया विधानसभा के भाजपा विधायक किशुन दास के द्वारा विधान सभा मे मनुस्मृति का गुणगान करने एवं सीएम को मनुस्मृति की पाठ करने का सलाह देने के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सूरज दास एवं संचालन सचिव रिज़वान अली ने किया । प्रखंड अध्यक्ष सूरज दास ने कहा कि बीते दिनों सिमरिया विधानसभा के भाजपा विधायक किशुन दास ने विधानसभा सदन रांची में मनुस्मृति लेकर गए और मुख्यमंत्री को मनुस्मृति अध्ययन करने का धौस दिखाए। जो भारतीय संविधान के खिलाफ है । क्योंकि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है और यहां संविधान लागु है । किशुन दास द्वारा धर्म विशेष की बात करना बिल्कुल असवैधानिक है। सिमरिया विधानसभा के भाजपा विधायक किशुन दास ने अगर माफी नही मांगा तो हम भीम आर्मी पूरे झारखंड में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राहुल अम्बेडकर ने कहा कि भाजपा विधायक किशुन दास जी को अपने आप पर और भाजपा पर गर्व है तो वो जेनरल सीट से चुनाव लड़कर दिखाएं। फिर मालूम चल जायेगा। कहा कि हमलोग संविधान मानने वाले लोग हैं और कोई संविधान वि. रोधी व्यवहार व बयानबाजी करेगा तो हमलोग बर्दास्त नही करेंगे। मौके पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को जिस प्रकार खुले आम जीभ काटने की धमकी दिया जा रहा है। यह लोकतंत्र के खिलाफ है। हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि उस व्यक्ति पर कड़ी कानूनी कार्यवाही किया जाय। जिसने जीभ काटने की धमकी दी है। भीम आर्मी के लोग अब्दुल कलाम पार्क से जुलुश के शक्ल में बरही चौक आये और किशुन दास की पुतला दहन किया। साथ ही मनु स्मृति पुस्तक को भी जला दिया गया। मौके पर भीम आर्मी प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास, प्रखंड सचिव रिज़वान अली जिला वरिष्ठ सचिव राहुल अम्बेडकर कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राव अम्बेडकर,महासचिव अमित पासवान उर्फ गोल्डी उपसचिव गुलाब दास, शंकर रविदास,सुनील कुमार,कृष्णा रविदास, नरेश चौधरी,विमला मा. `समत, मंटू भुईयां, मुकेश कुमार, मोतीलाल चौधरी, उमेश दास, उमेश चौधरी, महेन्द्र दास, रामेश्वर दास, राजेन्द्र दास, बाला दास, कामेश्वर दास, गुलाम अंसारी, हिरा दास,डo निरंजन दास एवं प्रेम भुईयां विनोद भुईयां इत्यादि लोग शामिल थे।



पुतला दहन करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता

### आज का पं्चाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---26.12.2021

शुभसंवत् :---2078(आनंद)

शके : ---1943

याम्यायन याम्यगोलः

ऋतु :---हेमन्त

माह :---पौष

पक्ष :---कृष्ण पक्ष

तिथि :---सप्तमी तिथि दिन 03:32 तक उपरांत अष्टमी तिथि

दिन :---रविवार

नक्षत्र :---उ.फ़ा. नक्षत्र

योग :---आयुष्मान

करण :---का

सूर्योदय :---प्रातः 06:47

सूर्यास्त : संध्या 05:13

सूर्य :---धनु राशि में

चंद्रमा :---सिंह राशि में प्रातः 07:31 तक उपरांत कन्या राशि में

आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्याः---06:00 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व ख़ासः---आज आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करने से चर्मरोग जैसी बीमारी में राहत मिलता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी विकास पुरुष के साथ साथ बहुमुखी प्रतिभा की धनी थे : रमेश ठाकुर

**अपेम लाइवः बरही**



अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाते भाजपाई

भाजपा कार्यालय बरही (भगवती मंदिर धनबाद रोड बरही) में देश के धरोहर भारत रत्न से समान्नित पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भा. जपा अनुसूचित मंडल मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर रजक और संचालन पश्चमी मंडल भाजपा के महामंत्री नवल किशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे विकास योजनाओं को धरातल उतारा, जिसे आम जनता उन्हें आज भी विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ,वरिष्ठ समा. जसेवी सुरेंद्र रजक युवा मोर्च के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय, विपिन सिन्हा, मुकेश कुमार,अमित सिंह,शमशेर आलम, संतोष ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, हीरालाल रवानी, बीरेंद्र यादव, महेंद्र ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर, प्रदीप पांडेय, शिवा निषाद, अशोक यादव, युगल यादव, राजेन्द्र यादव, मनोज उपाध्याय आदि लोग शामिल हुए।




## सेलहारा पंचायत भवन में पूर्व प्रधानमंत्री का 97वाँ जयंती मनाया गया।

**अपेम लाइवः चौपारण**



कार्यकम मे शामिल लोग

सेलहारा पंचायत भवन में पूर्वी मंडल अध्यक्ष के अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 97वाँ जयंती माना गया। भारत रत्न से सम्मानित भूतपूर्व प्रधानमंत्री, सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र–समाज के उन्नयन, सेवा और जनकल्याण हेतु पूर्ण समर्पित रहे। प्रतिबद्ध रा. जनेता, जिनके स्मरण मात्र से देशभक्ति, महानता और गर्व की अनुभूति हो ऐसे शक्ति और प्रेरणा पुंज, हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती पर उन्हें शत्–शत् नमन। भारतीय राजनीति में राजनै. तिक शुचिता और अपने कुशल नेतृत्व से देश में सुशासन को चरितार्थ करने वाले, सुशासन के प्रणेता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को समर्पित है। मौके पर ठश्रल्ड झारखण्ड प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, सांसद प्रति. निधि पूर्वी राजेंद्र चन्द्रवंशी, महामंत्री बालेश्वर साव, सुदीप सिंह , नरेंद्र पांडे, प्रमोद सिंह, पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, पूर्व मुखिया अर्जुन रजक, कैलाश पासवान, गजाधर साव, गिरजा साहू, बिकास रजक, संजय कुमार सिन्हा, सुधीर, कौशल, राकेश सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित मौजूद थे।.

## विधायक ने किया चौपारण पैक्स का उद्घाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**



पैक्स का उदघाट्न करते विधायक व अन्य

चौपारण : बिगहा बाजार स्थित चौपारण पैक्स का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने नारियल फोड़ व फीता काटकर किया उद्घाटन से पूर्व चौपारण पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया, इस माल्यार्पण कार्यक्रम का मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चौपारण पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसान अपना धान बेच सकेंगे तथा सरकार के द्वारा किसानों को धान का पैसा किस्तों में भुगतान जल्द किया जाएगा। उद्घाटन के बाद लव सिंह पैक्स में धान देकर पहले किसान बने। इस उद्घाटन में मुख्य रूप से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चौपारण भूपनाथ महतो, पदमा विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, कोलुहुवा कला पैक्स अध्यक्ष रघुवीर यादव, गिरधारी यादव, गो. विंद यादव ,सत्यानंद यादव ,अभिमन्यु भगत

## चौपारण पश्चिमी मंडल में मनाई गई अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



अटल बिहारी वाजपेयी के जयन्ति मे शामिल लोग

चौपारण : भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय चौपारण में भारत के पूर्व प्रधान मंत्री,भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सारे लोगो ने अटल जी की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाया,मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अटल जी के द्वारा लिखी गई कविता पढ़कर सुनाया और उनकी चरण कदमो में चलने का संकल्प लिया,वही अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पा. सवान ने अटल जी को महापुरुष बताया,कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहु,सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, भाज युमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो सेराज,मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,मनीष सिन्हा,पंचायत सांसद प्रति. निधि रंजीत पांडे,, सांसद प्रतिनिधि सह पत्रकार रामसेवक राणा, अजीत सिंह, सुनील शेखर, श्यामनंदन सहाय, कामदेव रविदास, अजय पासवान ,जनार्दन चौरसिया, सहित कई लोग उपस्थित थे,कार्यक्रम का संचालन आशीष गुप्ता ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अजीत कुमार सिंह ने किया

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 25-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

-----------------------------------

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।


निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह



कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी

## हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक ने किया पीसीसी पथ का उदघाटन

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


पीसीसी पथ का शिलान्यास करते विधायक अमित कु0 यादव

बरकट्ठा प्रखण्ड का बैंक ऑफ इंडिया से मामा पान दुकान तक पीसीसी पथ का उद्घाटन स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने किया उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह रास्ता आम लोगो को राहत देगा यह पीसीसी पथ विधायक मद से एनआरइपी एजेंसी द्वारा चार लाख 83 हजार 8 सौ की लागत से निर्मित हुआ है मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव, पंसस प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, उपमुखिया शिवशंकर यादव, विजय यादव, बसन्त राम, सुरेश राम, गुलाबी राम दिलीप नायक, श्यामसुंदर यादव, अमित कुमार पांडेय, सूरज लाल, बलदेव यादव, मुकेश सोनी, राजकुमार प्रसाद, संजय यादव, राजकुमार यादव, गोपी प्रसाद, इमरान खान, सुनील यादव, सुरेश लाल,मुन्ना अंसारी समेत ग्रामीण उपस्थित थे ।

## विधायक ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


विधायक से वार्ता करते ग्रामीण

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने प्रधानमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। जिसमें कहा है कि बरकट्ठा विधानसभा के चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में घनी आबादी है गांव के बीचो बीच हावड़ा नई दिल्ली मुख रेल मार्ग गुजरा है और लोगों को रेलवे लाइन को पार कर छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल एवं श्मशान घाट, कब्रिस्तान, बाजार, मंदिर, मस्जिद आना जाना लगा रहता है, वर्तमान में रेलवे द्वारा चारदिवारी का कार्य किया जा रहा है चारदीवारी का निर्माण होने के कारण वहां के ग्रामीणों को आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाएगा ।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार हम लोगों के लिए आवागमन के लिए फ्लाईओवर मुहैया कराए,। जिससे ग्रामीण इधर से उधर आसानी से आ जा सके। मसकेडीह पंचायत के समस्त ग्रामीणों ने एवं क्षेत्र के लोगों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा इस मुद्दे को विधानसभा में रखने के लिए एवं प्रधानमंत्री को आवेदन लिखकर अवगत कराने के लिए शुभकामनाएं भी दिया है।

## विधायक अमित यादव से मिले मसकेडीह के ग्रामीण

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


विधायक से मिलते ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल

चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में ग्रामीणों के आवागमन के लिए हो रही परेशानी को लेकर रेलवे लाइन पर अंडर पास या ओवरब्रिज की व्यवस्था करने की मांग चलकुशा के उपप्रमुख दुर्गा प्रसाद यादव, तफजुल अंसारी व सिकन्दर अंसारी के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल विधायक अमित कुमार यादव से मिला सबो ने ग्रामीणों को हो रही आवागमन में परेशानी के बाबत विधायक से पहल करने की मांग की ज्ञात हो रेल विभाग अपने रेलवे लाइन के दोनों क्षोरो की घेराबंदी कर रहा है जिससे गांव दो भागों में बंट जाएगा जिससे लोगो को भारी परेशानी हो रही है ग्रामीणों की मांग पर विधायक अमित कुमार यादव ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री व शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को पत्राचार कर समस्या का त्वरित निदान करबे की मांग किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## जैविक खेती कर किसान अधिक उपज और आय दोनो बढ़ा सकते हैं : कृषि वैज्ञानिक

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**मानव राज सिंह**



किसान गोष्ठी मे शामिल किसान व अतिथि

बरकट्ठा प्रखंड के गयपहाड़ी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय कलहबाद में शनिवार को शिवशक्ति बायो टेक्नोलाजी लिमिटेड कंपनी के तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन गयापहाडी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता छोटेलाल मेहता, हैदराबाद से आए कृषि वैज्ञानिक विध्नराज साहू, सेल्स मैनेजर राकेश मिश्रा, मुन्नालाल मंडल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक विघ्न राज साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसान जैविक खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति को समृद्ध कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से कीट का निवारण शीघ्र होता है तथा उपज भी अधिक होती है। उन्होंने कहा कि किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। तकनीकी सुविधा शिव शक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा दी जाएगी। सेल्स मैनेजर राकेश मिश्रा ने सागवान और महोगनी के पौधे लगाने पर जोर दिया ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि ये जल्दी तैयार होने वाले पौधे हैं। उन्होंने टिश्यू कल्चर सागवान तथा महोगनी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले किसान छोटेलाल मेहता, मुन्नलाल मंडल, खिरोधार प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत कुमार ने किया जबकि संचालन प्रमोद कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी ने पंचायत वाशियो के समस्त किसान से आग्रह किए कि वे सभी जैविक खेती कर उपज बढ़ाएं व इसका लाभ उठाएं। छोटेलाल मेहता ने कहा की पेड़ पौधा पर्यावरण के लिए काफी लाभदायक है साथ ही साथ ये एक आय का भी स्रोत है। इस अवसर पर शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड के रनविजय कुमार, सुदामा कुमार के अलावा बोधि महतो, मोलाना साहब, दशरथ प्रसाद, मुन्ना मिया, राजू कुमार, पंकज कुमार, मदन कुमार, कारू प्रजापति, छोटी राम आदि कई किसान उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में भाजपाइयों ने मनाई वाजपेयी की जयंती

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


बाजपेयी जी की जयंती मनाते विधायक व अन्य

बरकट्ठा : प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री देशरत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस मनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि(थाना बरकट्ठा)केदार साव, महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी उप. स्थित थे। सभी अतिथियों ने अटल जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई। वहीं बेडो. कला भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पचफेडी चौक स्थित भाजपा कार्यलय में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई साथ ही उनके जीवनी और विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, महामंत्री अशोक गुप्ता, पुर्व अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव यादव, वरिष्ठ नेता समन ठाकुर, महेन्द्र प्रसाद, दुर्गानंद झा, पितांबर नायक, रामजी मंडल, अमित पांडे, हीरालाल प्रसाद, राज कुमार मंडल, अशोक मंडल, राजकुमार यादव, सहदेव यादव, चमन ठाकुर, विनोद प्रसाद, राजकुमार प्रसाद समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विष्णुगढ़ में श्री राधा कृष्ण मंदिर के वार्षिकोत्सव में जुटे श्रद्धालु

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

प्रखंड के चौथा में शनिवार को श्री राधाकृष्ण मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मंदिर का निर्माण एक वर्ष पूर्व नव झारखंड फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी सुखदेव यादव द्वारा किया गया था। वार्षिकोत्सव को लेकर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर भक्ति में लीन है। कार्यक्रम में झारखंड इस्कॉन के श्याम प्रभु, महाभारत प्रभु, ज्यादावेद प्रभु, पंकज प्रभु, भावग्रही कृष्णदास प्रभु आदि का आगमन हुआ है। कार्यक्रम की शुरूआत नगर संकीर्तन के साथ शुरू हुआ। इसके उपरांत श्रीमद्भागवत कथा, राधा कृष्ण का अभिषेक, महाप्रसाद वितरण के बाद भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। ग्रामीणों ने भी इस वार्षिकोत्सव में भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बासुदेव यादव, सुखदेव यादव, रमेश यादव, कामेश्वर यादव, दुलार यादव, विशु यादव, अशोक यादव की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर बगोदर विधायक प्रतिनिधि हरेन्द्र सिंह, बगोदर मध्य जिप सदस्य सरिता महतो, पूरन कुमार महतो, नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, उमेश पांडेय, आर्ट एवं कल्चरल ट्रस्ट अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, धरगुल्ली मुखिया प्रकाश मंडल, पंसस महेश यादव, नारायण यादव, माले प्रखंड सचिव जानकी शर्मा, शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष प्रदीप पाठक, राजू यादव, विकास यादव, बालेश्वर महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


वार्षिकोत्सव मे शामिल लोग

## जिप सदस्य ने कई योजनाओं की रखी आधारशिला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

15वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद मद से शनिवार को प्रखंड के पूर्वी भाग अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। पूर्वी भाग के सदस्य कार्यकारी समिति जिला परिषद हजारीबाग ने शिलापट्ट का अनावरण कर तथा नारियल फोड़कर योजनाओं की नींव रखी। योजनाओं में नागी पंचायत अंतर्गत अरजरी के बुधन गंझू के घर से पुराना कुंआ तक पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। इसकी प्राक्कलित राशि लगभग 1 लाख 53 हजार रूपए है। इसके अलावा जमनीजारा के माधवजारा तालाब के स्नान घाट का निर्माण की भी आधारशिला उन्होंने रखी। इसकी प्राक्कलित राशि दो लाख 38 हजार रूपए है। ग्राम नागी के राजदाहा में श्मशान शेड का निर्माण का भी शिलान्यास किया गया। इसकी प्राक्कलित राशि 3 लाख 12 हजार रूपए है। वहीं, जोबर गांव के टोला भेन्डरबेड़ा में महेन्द्र महतो के घर से हीरामन महतो के घर तक पीसीसी नाली का भी निर्माण की नींव रखी गई। इस योजना पर 2 लाख 46 हजार रूपए खर्च किए जाएंगे। कार्यकारी सदस्य जिला परिषद ने कहा कि अपने क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत को ध्यान में रखकर जन कल्याणकारी योजनाओं का काम किया जाएगा। लोग जनसमस्याओं को रखें, इसके निदान का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया नारायण गंझू, रामेश्वर महतो, टीप. ूलाल महतो, थानेश्वर महतो, राजाराम महतो, डेगलाल महतो, उदय महतो, दौलत महतो, काशी महतो, खिरोधर महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।


योजनाओं का शिलान्यास करती जिप सदस्य







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## सिरमा पंचायत में झारखंड स्टेट लवली हुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है : वाजिद अली

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


कार्यक्रम को संबोधित करते मुखिया वाजिद अली

झारखंड स्टेट लवली हुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के माध्यम से एस आर सीआर पी स्टीम द्वारा ग्राम पंचायत सिरमा मे सात दिवसीय प्रशिक्षण देकर सिरमा आजीविका महिला ग्राम संगठन .02 का उद्घाटन पंचायत के मुखिया वाजिद अली के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया वाजिद अली ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है हमें महिलाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आजी. विका महिला संगठन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया। मुख्य रूप से इस महिला संगठन को सशक्त, जागरूक करने एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की बात कही गई। जिसमें उपस्थित बीपीएम रामप्रसाद, एडमिन चिंटू कुमार, एमटीसी राज. कुमार,सीसी बृजेश कुमार, आईपीआरएस लालमणि देवी,रोजगार सेवक दीपक कुमार, आशीकला देवी, मंजन देवी, किरण देवी, मसीहा नाज, शहजादी खातून, अफसाना खातून, हाजरा खातून, जन्नती परवीन और बहुत सारे इस संगठन की सदस्य महिलाएं उपस्थित थे।

## ईसा मसीह की जन्मदिन मनाई गई बड़कागांव चर्च में कार्यक्रम आयोजित

### प्रभु यीशु कणा एवं सद्भाव के साथ मिलजुल कर रहने का प्रेरणा देते हैं: नकुल महतो

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रभु यीशु के जन्मदिन पर केक काटते लोग

बड़कागांव महटीकरा गांव में स्थित जीसस चर्च में प्रभु यीशु के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। उपस्थित प्रभु यीशु के अनुयायियों केक काटकर 2021 वां जन्मदिन मनाया। इसके पूर्व लोगों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया लोगों की सुख व समृद्धि की कामना प्रभु यीशु से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीसस चर्च के सचिव नकुल महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबो. धित करते मुख्य अतिथि पास्टर विजय दास ने कहा कि प्रभु यीशु दुनिया के एक ऐसे राजा हैं जो त्याग और करुणा से दुनिया को जीता है। दुनिया में बाइबिल ही एक ऐसी पुस्तक है जो सबसे ज्यादा पढ़ी

## 16 जनवरी को लेकर तैयारी जोरों पर

**अपेम लाइव : बिरनी**
**गिरिहिड शबहा अहमद**


उपस्थित माले कार्यकर्ता

16 जनवरी को लेकर तैयारी जोरों है। बता दे कि 16 जनवरी को विधायक महेन्द्र सिंह के शहादत दिवस मनाया जाएगा। जिसके लिए बिरनी में भापका माले ने डोर टू डोर तैयारी जोरों पर कर रहा है। वही बिरनी प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब गांव में 16 जनवरी को लेकर कामरेड महेन्द्र सिंह की शहादत दिवस की तैयारी लेकर धान संग्रह किया साथ मे लोगो को 16 जनवरी को बगोदर चलने को कहा।जिसमें इस बार शहादत दिवस में पार्टी ने रिकoर्ड तोड़ गोलबंदी करने का फैसला लिया है। जिसमें मुख्य रूप से उप. स्थित रहे। माले जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा,प्रखंड कमेटी राजेश कुमार विश्वकर्मा, आर वाई ए चंदन माथुर,अर्जुन साव, जितेंद्र विश्वकर्मा, दयानद विश्वकर्मा, किशोर बैठा सीताराम साव ओर पांचू बैठा

## आरक्षण को लेकर पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी**
**गिरिहिड शबहा अहमद**


उपस्थित कार्यकर्ता

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत बरमसिया पंचायत के पंचायत भवन में पिछड़ा मोर्चा की बैठक हुई जिसमें राज्य स्तर पर ओबीसी को 27 प्रतिशत से घटाकर14 प्रतिशत कर दिया गया है इसे मद्देनजर देखते हुए एक बैठक बुलाई गई जिसका नेतृत्व ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवराज जी ने किया तथा संचालन अजय विश्वकर्मा ने किया तथा सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को संक्षेप में रखा तथा इस आरक्षण को अपनी अधिकार से नही हटने देंगे और संगठित होकर इस लड़ाई को लड़ेंगे और अपने पूरे अधिकार को अपने हक को राज्य सरकार से लड़कर लेंगे जिसमें महामंत्री भूपेंद्र राम,पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद वर्मा की अध्यक्षता में सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, योगेंद्र कुमार,बालेश्वर साव, मनोज वर्मा,अजय कुमार रंजन,सदानन्द बर्णवाल,निर्मल साव,राजेन्द्र राम,पंकज वर्मा,सचिन कुमार,आशीष कुमार,नि. रंजन कुमार,बृजनन्दन वर्मा,सुमित कुमार,संजीव कुमार वर्मा,विनोद कुमार वर्मा,रमेश यादव, राजेन्द्र महतो आदि लोग उपस्थित थे ।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

**अपेम लाइव : बिरनी**
**गिरिहिड शबहा अहमद**


अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन मनाते भाजपाई

बिरनी प्रखंड अंतर्गत भरकट्टा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खुरजियो देवी मंडप के सामने मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका संचालन राजेंद्र राम ने किया, इस बीच भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत. रत्न, राजनीति के शिखर पुरुष, हिन्दू स्वाभिमान के प्रतीक, श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म तिथी के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि के रूप में गांडेय के पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी एक अलग किस्म के व्यक्ति थे, उनकी सादगी एवं शालीनता के कायल पुरी दुनिया है, हमें इस बात का गौरव है कि हम उनके आदर्शों पर चल रहे हैं। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, कार्यक्रम प्रभारी मनोज चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, रंजीत राय, पूर्व जिलामहामंत्री युवा मोर्चा विक्रम तर्वे, सत्येंद्र रावत, ओबीसी मा. र्चा अध्यक्ष रामु यादव, रामप्रसाद वर्मा, विनोद टुड्डू, प्रवीण प्रभाकर, मनोहर प्रभाकर, विनोद यादव, रामधनी वर्मा, महेश वर्मा, राजू मण्डल, विजय सिंह, मनोज यादव, तारकेश्वर मण्डल, किशोरी दास, पवन राम, मनोहर कुमार, नारायण यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन मनाते भाजपाई

भारतीय जनता पार्टी पुर्वी उरीमारी मंडल के अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खरांटी के प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं द्वारा बाजपाई की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बारी बारी से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे। वे पहले 16 मई से 1 जून 1996 तक, तथा फिर 1998 मे और फिर 19 मार्च 1999 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे हिंदी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे, और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, युवा लेखक व स्कoलर विपिन कुमार, महामंत्री दिनेश करमाली, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, देवंती देवी, भाजयुमो अध्यक्ष विजय यादव, तालेश्वर प्रसाद, मुकुटधारी राम, अमित गुप्ता, तूफान करमाली, श्याम प्रसाद गुप्ता, दशरथ चौधरी, भुपाल स्वर्णकार, हीरालाल साव, सुरेश प्रजापति, दीनानाथ यादव, ज्योति कु. प्रजापति, नागेश्वर महतो, फूलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया, सच्चिदानंद पांडे समेत दर्जनों कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## सड़क दुर्घटना में दो घायल ,एक की हालत गम्भीर

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रखण्ड के चतरा रोड में सिंहपुर भगवती मन्दिर के समीप बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायलों में ग्राम दैहर के 18 वर्षीय शिवा गुप्ता पिता सतेंद्र गुप्ता एवं 19 वर्षीय चंदन प्रजापति शामिल है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल से दैनिक कार्य निपटा कर अपने घर वापस लौट रहे थे इसी बीच मोटरसाइकिल का संतुलन एकाएक हो खो जाने के कारण पहले से खड़ी कंटेनर वाहन में टक्कर मार दी।इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से राजकीय अस्पताल चौपारण पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर सरवर हसन, दिनेश कुमार एकलव्य एवं फार्मासिस्ट रणधीर कुमार राणा सहयोगी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर घायलों का प्राथमिक इलाज किया। वही गंभीर रूप से घायल चंदन प्रजापति को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। डॉ सरवर हसन ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र के बच्चों को खासकर टीनेजर को बाइक चलाने के लिए ना दें।

## फर्जी मुकदमा को लेकर भाकपा माले के आंदोलन की रणनीति तय

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**

भाजपा माले विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की बैठक शनिवार को बरांय पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में हुई। इसमें पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव जानकी शर्मा ने की। बैठक की शुरूआत किसान आन्दोलन में शहीद किसानों की याद में दो मिनट का मौन के साथ भावभीनी श्रद्धांजली देकर की गई। बैठक में प्रखंड मुख्यालय में कथित व्याप्त भ्रष्टाचार, लगातार बिजली कटौती, कोनार नहर में पानी छोड़ने आदि मुद्दों पर बात हुई। इसके अलावा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में निर्दोष ग्रामीणों पर विष्णुगढ़ बीडीओ द्वारा फर्जी मुक. दमा दायर करने का कार्यकर्ताओं ने पूरजोर विरोध किया। बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने कहा कि सरक. ारी पदाधिकारी अपनी गलती को छिपाने के उद्देश्य से निर्दोष ग्रामीणों को बलि का बकरा बनाकर फर्जी मुकदमा दायर किया है। इसकी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके विरोध में शीघ्र प्रखंड मुख्यालय के समक्ष पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में पूर्व विधायक क०मरेड महेन्द्र सिंह का 16 जनवरी को शहादत दिवस मनाने पर समेत अखिल भारतीय किसान महासभा एवं झारखण्ड मजदूर सभा का सदस्यता अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। मौके पर भोला सिंह, फारूक अंसारी, बासुदेव प्रसाद, ताज अंसारी, समरुद्दीन अंसारी, दुलारचन्द प्रसाद, महेश यादव, अब्दुल कलाम, चिन्तामन महतो, किटी सिंह, मिहीलाल बेसरा, बबलू बेसरा, मोहन प्रसाद, महादेव मंडल, लखन मंडल, मो बेलाल, रामेश्वर दास, सुनील पासवान, टहल महतो, जीवाधन महतो, भेखलाल महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



भाजपा माले की बैठक में शामिल कार्यकता

## राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता पहुंचे कान्हाचट्टी  गरीबों के बीच किया कम्बल वितरण


## नया वर्ष होगा युवाओं का वर्ष सत्यानर्न्द भोक्ता

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**






कान्हाचट्टी राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शनिवार को चतरा क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन कान्हाचट्टी प्रखंड पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोक्ता ने बेंगोकला पंचायत के मनगड़ा, पोलपोल, बूढ़ीगड़ा, चौरटाँड, बेंगोखुर्द समेत दर्जनों गांवों भ्रमण कर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उससे जल्द निदान का भरोषा दिलाया। तत्पश्चात उन्होंने गरीबों असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो को माननीय मंत्री ने हरेक योग्य लाभूकों को आवास, पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने हेतु निर्देशित किया।मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो, मंत्री प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव, पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष मन्दूर साहू, समाजस. `वी रामवृक्ष भोक्ता समेत कई  गणमान्य मौजूद रहे।







APEM
LIVE